पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———————

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को मुख्यमंत्री योगी आदित्य ने जन्मदिन की बधाई दी

————

राज्यपाल ने चिकनकारी एवं ज़रदोजी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

—————

लखनऊः 21 नवम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती स्वाती सिंह, मुख्य सचिव श्री आर0 के0 तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश अवस्थी, सूचना आयुक्त सुश्री किरणबाला, मनकामेश्वर मंदिर की महन्त सुश्री दिव्यागिरी एवं प्रख्यात लोक गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी ने भेंटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई दी।

राज्यपाल ने आज राजभवन के गुलमोहर क्लब में उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ तथा आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से राजभवन परिवार की महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार की योजना 'एक जिला–एक उत्पाद' के अन्तर्गत आयोजित 3 माह के चिकनकारी एवं ज़रदोजी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यहां महिलाएं कुछ न कुछ सीखने का प्रयास करने जा रही हैं। हम इधर–उधर अपना समय बर्बाद कर देते हैं, उसमें से थोड़ा सा समय निकालकर सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी बच्चियों में कौशल एवं क्षमता है और उन्हें नया सीखने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि आज महिलाएं चिकनकारी सीखने के लिए आगे आ रही हैं। प्रशिक्षित महिलाएं स्वयं अपना कारोबार कर सकेंगी, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सम्पन्न होंगी और समाज में उनका गौरव एवं प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा, जिसका मैं स्वयं अवलोकन करूंगी कि हमारे परिवार की महिलओं ने इस अवधि में कितना हुनर प्राप्त किया है।

इसके अलावा आज राजभवन चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

इसके पहले राज्यपाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कपूरथला स्थित हनुमान मंदिर जाकर पूजा–अर्चना की।

———————

ओ0पी0राय/राजभवन (74/10)